भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3085

13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

चिकित्सा महाविद्यालयों में कौशल केंद्र

3085. श्री राहुल कस्वां:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं हेतु मानव संसाधन विकास योजना के अंतर्गत चिकित्सा महाविद्यालय, राज-एमईएस भीलवाड़ा, भरतपुर, चुरु और डूंगरपुर में कौशल केन्द्रों की स्थापना हेतु निधि स्वीकृत और जारी करने का है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त केन्द्रों की स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं हेतु मानव संसाधन विकास योजना के अंतर्गत, केन्द्रीय/राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेजों/स्वायत्त संस्थानों में देश भर में भौगोलिक रूप से प्रतिनिधिक तरीके से राष्ट्रीय आपातकालीन जीवन सहायता (एनईएलएस) कौशल केन्द्रों की स्थापना के लिए विचार किया जाता है।

राजस्थान में एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर, एसपी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर डॉ. एस. एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर; जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अजमेर; आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर; गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, भरतपुर; सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोटा और एम्स, जोधपुर में एनईएलएस कौशल केंद्रों को मंजूरी दी गई है।; भरतपुर में एनईएलएस केन्द्र के लिए 1.40 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

*****